

(https://www.facebook.com/UttarakhandDIPR)



# खबर



देश विदेश, स्वास्थ्य



## उपलब्धि: एम्स गोरखपुर से रेफर मरीज की ऋषिकेश एम्स में हुई सफल सर्जरी

Admin 25-Sep-2021 0

एम्स ऋषिकेश में 2019 में स्थापित स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की रिकंस्ट्रक्टिव एंड कॉस्मेटिक गाइलेकोलॉजी डिवीजन में नर्व स्पेयरिंग रिडक्शन क्लिटोरोप्लास्टीस नामक दुर्लभ एवं अति जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक हुई है, रिकंस्ट्रक्टिव एंड कॉस्मेटिक गाइनेकोलॉजी विंग ने पूर्व में भी कुछ नर्व स्पेयरिंग रिडक्शन क्लिटोरोप्लास्टीस एवं कई तरह की और भी दुर्लभ एवं जटिल शल्य चिकित्सा की हैं। गोरखपुर एम्स से रेफर होकर आई एक 20 साल की अविवाहित युवती को शनिवार को ऑपरेशन थियेटर में नया जीवनदान मिला। सर्जरी को रिकंस्ट्रक्टिव एंड कॉस्मेटिक गाइनेकोलॉजी डिवीजन के डॉक्टर नवनीत मागों और उनकी टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। एम्स का स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग का यह डिवीजन दुनिया के मेडिकल संस्थानों में अपनी तरह का पहला डिवीजन है। गत वर्ष एक ऐसे ही मरीज की सर्जरी करके एम्स ऋषिकेश के रिकंस्ट्रक्टिव एवं कॉस्मेटिक गाइनेकोलॉजी डिवीजन ने देश के मेडिकल साइंस एवं शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की थी।

डा. नवनीत के अनुसार इस युवती का जन्म से ही कंजेनिटल एड्रिनल हाइपरप्लेशिया और क्लिटोरिस का आकार बढ़ा हुआ था। बेटी के दांपत्य जीवन को लेकर चिंतित पिता ने देश के विभिन्न मेडिकल संस्थानों में उसका परीक्षण कराया, लेकिन कहीं भी इसका समुचित उपचार नहीं मिल पाया, एम्स गोरखपुर से मरीज को उपचार के लिए ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया गया। जहां डा. नवनीत मग्गों ने युवती का स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिसके बाद उसकी क्लिटोरोमेगली अर्थात क्लिटोरल हाइपरट्राफी का पता चल सका

चिकित्सक ने बताया कि यह एक दुर्लभ किस्म का मामला था, क्योंकि महिला का क्लोटोरिस पुरुष के लिंग की तरह बड़ा था एवं बाकी का जननांग विकृत था। संस्थान के स्त्री रोग विभाग की पुनर्निर्माण और कॉस्मेटिक स्त्री रोग इकाई के डॉ. नवनीत मग्गों और उनकी टीम ने नर्व स्पेयरिंग रिडक्शन क्लिटोरोप्लासटी तकनीक के माध्यम से इसका सफल उपचार किया एवं साथ में ही इस महिला के लेबिया माइनोरा (लघु भगोष्ठ) का भी पुनर्निर्माण किया। लगभग दो घंटे चली इस सर्जरी में चिकित्सकीय दल उसे एक सामान्य स्त्री रूप और अंजाम देने में सफल रही।

उन्होंने बताया कि संस्थान में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की पुनर्निर्माण और कॉस्मेटिक स्त्री रोग डिवीजन की स्थापना के बाद से इस डिवीजन में पूरे देश से लगातार कई अन्य तरह के मामले पूर्व में भी रेफर होकर आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि इसकी वजह यह है कि स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की इस इकाई की स्थापना देश ही नहीं, विश्व के किसी भी मेडिकल संस्थान में नहीं है, एम्स ऋषिकेश में यह अपनी तरह की पहली डिवीजन खुली है।

उन्होंने बताया कि इस सर्जरी युवती को एक नया जीवन मिला है, लिहाजा अब वह एक सामान्य यौन जीवन जी सकती हैं और वैवाहिक जीवन के लिए पूरी तरह फिट है।

रिकंस्ट्रक्टिव एंड कॉस्मेटिक गाइनेकोलॉजी डिवीजन ने विश्व में पहली बार एम. सी. एच.कॉस्मेटिक गाइनेकोलॉजी शुरू की है। एम्स ऋषिकेश में स्थापित स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की इस डिवीजन की प्रशंसा भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी की है। जल्द ही एम्स की इस इकाई की ओर से पूरे विश्व से मेडिकल टूरिज्म के माध्यम से विदेशी मरीजों का भी इलाज शुरू किया जाएगा। जिससे एम्स ऋषिकेश उत्तराखंड और पूरे देश का नाम विश्व में रोशन करेगा। इससे उत्तराखंड के नागरिकों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे प्रदेश को आर्थिक लाभ होगा और देश को विदेशी मुद्रा में आय मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि यही हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी स्वप्न है कि हमारे देश का नाम पूरे विश्व में हो।

ऋषिकेश एम्स, उत्तराखंड समाचार, स्वास्थ्य समाचार ,

**VIWES:** 14

## ये भी पढ़ें



01-Jan-1970
चारधाम में तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ाने ...
**(http://tarunhind.com/3985/Government)**



01-Jan-1970
धीरे से ही सही रफ्तार पकड़ने ...
**(http://tarunhind.com/3973/Chardham_Ya uttrakhand_news)**



01-Jan-1970
रोड़ कनेक्टिविटी और हवाई कनेक्टिविटी के ..
**(http://tarunhind.com/3972/Expansic uttrakhand_news)**

## 0 Comments

## Leave Your Comments

Please write your message

Leave Comment

(https://twitter.com/tarunhind)

(https://plus.google.com/108682137762125704737)

## नये समाचार



**चारधाम में तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार ... (Http://Tarunhind.Com/3985/Government)**

27-Sep-2021



**उत्तराखंड में सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यटन राज्य बनने की ... (Http://Tarunhind.Com/3984/Uttarakhand_has_potential_to_become_a_cultural,_spiritual_and_tourism_state_-_Sadhguru-Uttrakhand_news)**

27-Sep-2021

**एजुकेशन चैनल ज्ञानवाणी का लाभ प्रदेश के सभी बच्चों ... (Http://Tarunhind.Com/3983/All_the_children_of_the_state_should_get_the_benefit_of_education_channel_Gyanvani_-_Dhami-Uttrakhand_news)**

27-Sep-2021



**भौगोलिक संकेतांक मिलने के बाद इन 7 उत्पादों को ... (Http://Tarunhind.Com/3982/These_7_products_will_get_a_boost_after_getting_the_Geographical_Indication-Uttrakhand_news)**

27-Sep-2021



**राज्य को पर्यटन का हब बनाने का सरकार कर ... (Http://Tarunhind.Com/3981/Government_is_trying_to_make_the_state_a_hub_of_tourism_-_CM-Uttrakhand_news)**

27-Sep-2021



**पानी और बिजली के बिलों में वृद्धि वापस लेने ... (Http://Tarunhind.Com/3980/Demand_to_withdraw_increase_in_water_and_electricity_bills-Uttrakhand_news)**

27-Sep-2021

## Categories

**क्राइम**

## देश विदेश

## रोजगार

## पर्यटन

## राजनीति

(index.php)

Renuka pandey
1 FLOOR, NAGAR PALIKA COMPLEX BUS PARKING KAILASH GATE MUNIKIRETI TEHRI GARHWAL, Uttarakhand

( +91 ) 8057754851

tarunhindmedia@gmail.com

http://tarunhind.com/

## हाल की पोस्ट



चारधाम में तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार का मंथन शुरु **(http://tarunhind.com/3985/Government)**

27-Sep-2021 0



उत्तराखंड में सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यटन राज्य बनने की क्षमता-सदगुरु **(http://tarunhind.com/3984/Uttarakhand_has_potential_to_becom_Sadhguru-uttrakhand_news)**

27-Sep-2021 0



एजुकेशन चैनल ज्ञानवाणी का लाभ प्रदेश के सभी बच्चों को मिले-धामी **(http://tarunhind.com/3983/All_the_children_of_the_state_should_Dhami-uttrakhand_news)**

27-Sep-2021 0

## क्विक लिंक्स

- होम (http://tarunhind.com)
- खबरें (http://tarunhind.com/news.php)
- कॉन्टैक्ट अस (http://tarunhind.com/contact.php)
- अबाउट अस (http://tarunhind.com/about_us.php)
- टीम
- Disclaimer (http://tarunhind.com/disclaimer.php)

## न्यूज़ लेटर्स

Enter your email here

Your Email

© Copyrights 2018-21 Traun Hind, All rights reserved.
643930 (http://www.cutercounter.com/)
Website By : World IT Dimensional Solutions. (http://witds.com/)